कपड़ों के शोरूम में लगी आग, लाखों के कपड़े जले



कपड़ों के शोरूम में लगी आग को बुझाने की मशक्कत करते फायर ब्रिगेड कर्मी।

प्रतापगढ़। शहर में पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास शुक्रवार सुबह विद्युत घर्षण से बेसमेंट में संचालित कपड़ों के शोरूम में आग लग गयी। आग की लपटों और धुएं से आसपास अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शोरूम संचालक ने करीब ८५ लाख रुपये के कपड़े जलने का दावा किया है।

पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास विनय सिंह की बिल्डिंग के बेसमेंट में शिवजीपुरम निवासी रवि सिंह कपड़ों का शोरूम चलाते हैं। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे पास के जिम में पहुंचे कुछ युवकों ने शोरूम से धुआं निकलता देखा। उन्होंने शोरूम पर लिखे मोबाइल नंबर पर फोन कर रवि सिंह को सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को भी जानकारी दी गयी। फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची तो बेसमेंट से तेज धुआं निकल रहा था

फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

और आग काफी फैल चुकी थी। आग बुझाने के लिए चार गाड़ियां लगाई गईं। बेसमेंट में आग होने के कारण जवानों को अंदर जाने में काफी दिक्कत हुई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान दो टैंकर पानी भी अतिरिक्त मंगाना पड़ा। सदर यूनिट प्रभारी राधेश्याम दुबे ने बताया कि आग बुझाने के लिए ब्रीदिंग आपरेट सेट, स्मोक एग्जास्ट और फोम का इस्तेमाल किया गया। आग बुझने तक शोरूम में रखा अधिकांश कपड़ा जलकर राख हो गया। संचालक के अनुसार करीब ८५ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

रास्ते में पानी भरने को लेकर विवाद, युवक पर ईंट से हमला

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के पूरे फतूहाबाद गांव में रास्ते में पानी भरे होने को लेकर विवाद के बाद युवक से मारपीट और ईंट से सिर पर प्रहार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अभिलेख के अनुसार, अंधा का पूरा फतूहाबाद निवासी पुत्ता पटेल ने तहरीर में आरोप लगाया कि एक अक्तूबर की रात करीब १०.२६ बजे वह गांव के रास्ते से जा रहा था। रास्ते में पानी भरा होने की बात कहने पर प्रदीप पटेल ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और ईंट से सिर पर प्रहार कर दिया। शोर सुनकर उसके पिता और गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद मामला शांत हुआ। पीड़ित ने पुलिस से काररवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक संतोष कुमार पासवान को सौंपी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दुकान से हजारों की नकदी एवं सामान उड़ा ले गये चोर

लालगंज, प्रतापगढ़। दुकानदार की दुकान में घुसकर अज्ञात चोरों ने हजारों की नकदी एवं सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना को लेकर पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के कोठार मंगोलेपुर गांव निवासी जीतलाल विश्वकर्मा पुत्र रामलखन विश्वकर्मा सगरा सुन्दरपुर बाजार में लोहे एवं लकड़ी के कारोबार की दुकान चलाता है। पीड़ित दुकानदार के अनुसार वह बीती गुरूवार की शाम करीब सात बजे दुकान बंद करके घर चला गया। पीड़ित का आरोप है कि शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे वह दुकान पर पहुंचा तो पीछे से खिड़की टूटी थी और दुकान के अंदर रखे सामान बिखरे पड़े थे। आरोप है कि अज्ञात चोर दुकान के काउंटर में रखी बारह हजार पांच सौ की नकदी के साथ ही बिल्डिंग मशीन, रंदा मशीन की मोटर आदि उड़ा ले गये। घटना को लेकर पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। एसओ वारिज कसेरा का कहना है कि घटना की जांच के बाद उचित काररवाई की जायेगी।

गांधी-शास्त्री के आदर्शों को आत्मसात करने का किया आवाहन

हुई विविध प्रतियोगिताएं



कोहड़ौर के सूर्य नारायण आदर्श विद्यालय में लगायी गयी चित्रकला प्रदर्शनी।

रानीगंज/सुवंशा/कोहंडौर, प्रतापगढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

रानीगंज तहसील परिसर में पूर्व विधायक धीरज ओझा ने मंगल पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। थाना परिसर में थानाध्यक्ष अवन कुमार दीक्षित ने ध्वजारोहण कर गांधी जी एवं शास्त्री जी को श्रद्धांजलि दी। तहसील परिषद के गांधी सभागार में एसडीएम अनुराग सिंह ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन मीरा गुप्ता ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से सभी वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ वातावरण बनाने का आह्वान किया। अधिशासी अधिकारी महेंद्र सिंह और सभासदों ने विभिन्न वार्डों में सफाई अभियान चलाया। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान बद्री गुप्ता, ब्लाक प्रमुख सत्यम ओझा, विक्रम सिंह, देवेश प्रताप सिंह, अशोक कुमार मिश्रा, अजय कुमार उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सुवंशा प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के एसटीबीएमपी विद्यालय गांधी बाजार में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक लक्ष्मीकांत दुबे सहित शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने गांधी एवं शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। विद्यार्थियों ने दोनों महापुरुषों के जीवन से जुड़े प्रसंग प्रस्तुत किये। प्रबंधक ने कहा कि गांधी जी के सत्य और अहिंसा के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष वेद प्रकाश बिंद और अधिकारी बालकृष्ण गौतम ने पौधरोपण कर गांधी जी को श्रद्धांजलि दी। कोहंडौर प्रतिनिधि के अनुसार सूर्य नारायण आदर्श विद्यालय में ध्वजारोहण के बाद गांधी और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। विद्यार्थियों की चित्रकला प्रदर्शनी के साथ सामान्य ज्ञान और श्रुतिलेख प्रतियोगिताएं हुईं। प्रधानाचार्य एसएन गुप्त ने महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। चित्रकला प्रदर्शनी प्राथमिक वर्ग में आयुषी उपाध्याय प्रथम, नौशीन बानो द्वितीय, पीहू तृतीय रही। जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आरजू बानो, अदिति ऊमर वैश्य प्रथम, तृषा सरोज, दीपिका पाल द्वितीय, दिव्य गौरी, अनुकल्प बारी तृतीय रहे। श्रुतिलेख में सृष्टि पाण्डेय प्रथम, अतुल कुमार द्वितीय, अदिति तृतीय रही। सामान्य ज्ञान में आयुष उपाध्याय प्रथम, अदिति द्वितीय, वैष्णवी जायसवाल तृतीय रही। विद्यालय के शिक्षक राम कुमार बर्मा, गिरजा शंकर गुप्ता, शिव विशाल दूबे, विजय प्रताप यादव, प्रमोद कुमार यादव, रंजीत कुमार गौतम, मृत्युंजय मिश्रा, राम कृष्ण शुक्ल, शिक्षिका नीलम पाल, ज्योति गुप्ता, सीमा शुक्ला, शबनम बानो, प्रिया मिश्रा आदि मौजूद रहीं।

गांधी-शास्त्री के विचारों को आत्मसात करने का आवाहन

परियावां, प्रतापगढ़। मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर में गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्राचार्य प्रो. शिवम श्रीवास्तव सहित प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान और संगोष्ठी हुई।

प्राचार्य ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन और मानवतावादी दर्शन पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि गांधी के विचार आज भी सामाजिक समरसता, नैतिक चेतना और जिम्मेदार नागरिकता के लिए प्रेरणादायी हैं। शास्त्री जी की सादगी, अनुशासन, राष्ट्रनिष्ठा और त्यागपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इसके बाद प्राचार्य के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने स्वयं सफाई अभियान में सहभागिता कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान किया।



कुसुमी स्थित सरोजनी इण्टरकालेज में महात्मागांधी को पुष्पांजलि देतीं छात्राएं।

गांधी जयंती पर हुई निबंध प्रतियोगिता, दी गयी पुष्पांजलि

प्रतापगढ़। सरोजिनी इंटर कालेज कुसमी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. राजेश भट्ट ने महात्मा गांधी के जीवन और उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि गांधी जी एक युग पुरुष थे और उनके जैसा महान व्यक्तित्व सदियों में केवल एक बार ही जन्म लेता है। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज भी पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक हैं। इस पावन अवसर पर विद्यालय में एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपिता के जीवन, उनके संघर्षों और देश की आजादी में उनके योगदान पर अपने सुंदर विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी की शिक्षिका दीक्षा सिंह द्वारा किया गया। समारोह के दौरान तनुजा, रुखसार, अनम और माहिका द्विवेदी सहित कई छात्राओं ने गांधी जी के विचारों को मंच से प्रस्तुत कर सभी को प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्र मौजूद रहे।

रानीगंज के १०० युवाओं को मिलेगा मुफ्त तकनीकी प्रशिक्षण

प्रतापगढ़। युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 'मेरा संकल्प-विकसित रानीगंज' अभियान की शुरुआत की जा रही है। स्पेशल ओलंपिक भारत (उत्तर प्रदेश) के अध्यक्ष एवं भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री मुकेश कुमार शुक्ला के प्रयास से शुरू हो रहे अभियान के पहले चरण में १०० युवाओं को निशुल्क तकनीकी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

'सार्थक एक नई सोच' संस्था के सहयोग से युवाओं को इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण एवं रिपेयरिंग, एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन और आधुनिक इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स की मरम्मत का व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा।

प्रशिक्षण के लिए दिल्ली और नोएडा जाने वाले चयनित युवाओं के रहने की निशुल्क व्यवस्था भी की जायेगी। कोर्स पूरा होने के बाद कंपनियों में रोजगार और स्वरोजगार शुरू करने में सहयोग का दावा किया गया है। इसके लिए रानीगंज के १८ से ३० वर्ष के न्यूनतम १०वीं एवं १२वीं पास स्थानीय युवा आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण एक से चार अक्तूबर तक होगा। इच्छुक युवा ९०९०८०३८०३ पर संपर्क कर सकते हैं या आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

सपा ने मतदाता सूची की पारदर्शिता को लेकर उठाये सवाल

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय में गांधी जयंती पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद पार्टी नेताओं ने 'लोकतंत्र बचाओ-वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत प्रेस कान्फ्रेंस की। रानीगंज विधायक डा. आरके वर्मा, पट्टी विधायक रामसिंह पटेल और जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर पार्टी की आपत्तियां रखीं।

नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रक्रिया के दौरान कई पात्र मतदाताओं के नाम हटाये गये हैं। उन्होंने दिल्ली के कुछ विधानसभा क्षेत्रों का उदाहरण देते हुए निष्पक्ष जांच और पात्र मतदाताओं के नाम सुनिश्चित कराने की मांग की। वक्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण निर्धारित नियमों के अनुसार पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर मतदाता सूची में नाम खोजने और संबंधित सेवाओं की व्यवस्था उपलब्ध है। सपा नेताओं ने कहा कि पार्टी पूरे सप्ताह मतदाता सूची की जांच और जागरूकता अभियान चलाएगी। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रखने की घोषणा की।

जमीन की पैमाइश करने गये लेखपाल पर हमला, केस दर्ज

प्रतापगढ़। कंधई थाना क्षेत्र के रखहा गांव में जमीन की पैमाइश करने पहुंचे लेखपाल से मारपीट का मामला सामने आया है। लेखपाल ने आरोप लगाया है कि २१ नामजद लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्रीय लेखपाल सुनील कुमार गौतम के अनुसार, वह राजस्व निरीक्षक ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव और लेखपाल दिलीप प्रजापति के साथ मालती देवी के प्रार्थनापत्र पर गाटा संख्या ६९० की पैमाइश करने रखहा गांव गये थे। आरोप है कि पैमाइश के दौरान पारसनाथ सिंह, अशोक कुमार सिंह, सूर्यपाल सिंह, अरुण सिंह और अमरजीत सिंह सहित अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए।

आरोप है कि सभी ने एकराय होकर लेखपाल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली और लेखपाल को दौड़ाकर पीटा। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भगा दिया। घटना के चलते पैमाइश का कार्य बीच में ही रोकना पड़ा। लेखपाल की तहरीर पर कंधई पुलिस ने सरकारी काम में हस्तक्षेप, एससीएसटी सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज किया है। मामले की जांच सीओ प्रदीप सिंह को सौंपी गयी है। पुलिस आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही है।

जेई पर मनमानी का आरोप, केबल और मीटर काटने की शिकायत

रानीगंज, प्रतापगढ़। गौरा विद्युत उपकेंद्र के शिवगढ़ा गांव निवासी अनीता शुक्ला पत्नी अरुण कुमार शुक्ला ने अधिशासी अभियंता से शिकायत कर जेई पर मनमानी का आरोप लगाया है।

उनका कहना है कि शुक्रवार को गौरा विद्युत उपकेंद्र के जूनियर इंजीनियर सुनील कुमार सोनी जांच के लिए पहुंचे। अनीता के नाम से लिए गये विद्युत कनेक्शन का ६६९ रुपये का बिल २२ सितंबर को जमा किया जा चुका है। इसके बाद कोई बकाया नहीं है। आरोप है कि जेई ने अनीता के ससुर के नाम करीब तीन लाख रुपये बकाया होने की बात कहते हुए उनका विद्युत कनेक्शन काट दिया तथा केबल और मीटर भी हटा दिया। अनीता का कहना है कि कनेक्शन लेते समय विभागीय कर्मचारियों ने जांच कर रिपोर्ट लगाई थी और उस समय उनके ससुर के नाम कोई बकाया नहीं था।

प्रभारी अधिशासी अभियंता सुरेश कुमार ने कहा कि कनेक्शन पर बकाया नहीं है तो उसे काटना नहीं चाहिए। मामले की जांच कर दोषी पाये जाने पर काररवाई की जायेगी।

सेवा संकल्प अभियान में लगी प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं ने जानीं योजनाएं



नगर के संत अन्थोनी इण्टर कालेज में प्रदर्शनी का उद्घाटन करते सीडीओ डा. राममोहन मीना।

प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के २५ वर्षों के सार्वजनिक जीवन के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत संत एंथोनी इंटर कालेज में सूचना विभाग की ओर से शासकीय योजनाओं, विकास परियोजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गयी। अभियान में सेवा, सुशासन और जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी डा. राममोहन मीना ने फीता काटकर किया। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में रोजगार, आवास, किसान कल्याण, महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य, कृषि, कौशल विकास, स्वरोजगार, एमएसएमई, पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गयी। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदर्शित की गयी। कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक, पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पंप, कृषि यंत्रों पर अनुदान, मंडी आधुनिकीकरण और ई-नाम जैसी सुविधाओं को भी प्रदर्शित किया गया। महिला सशक्तीकरण से जुड़े वन स्टाप सेंटर, निराश्रित महिला पेंशन और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानकारी भी दी गयी। प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को उनका लाभ लेने के लिए जागरूक करना रहा।

जिला कारागार में बंदियों ने प्रस्तुत किये देशभक्ति गीत

प्रतापगढ़। जिला कारागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। सुबह नौ बजे कारागार के मुख्यद्वार पर ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। इस दौरान मिष्ठान भी वितरित किया गया। सुबह १० बजे कारागार परिसर में बंदियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। उन्होंने बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम और वैष्णव जन तो तेने कहिए के साथ देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान बंदियों ने महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलने और हिंसा से दूर रहने का संकल्प लिया। बंदियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए वकील उपलब्ध न होने पर निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा दिलाने की जानकारी दी गयी। अंत में जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने सभी का आभार जताया। जेलर वीरेंद्र कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर लाला राम, कमलेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में स्वच्छता की शपथ दिलाते एडीएम आदित्य प्रजापति।

गांधी-शास्त्री जयंती पर गूंजा सत्य, अहिंसा और सादगी का संदेश

प्रतापगढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बुधवार को जिले में श्रद्धा और गरिमा के साथ मनायी गयी। कलेक्ट्रेट परिसर में एडीएम आदित्य प्रजापति, एएसडीएम प्रथम पूर्णेन्दु मिश्र, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और नागरिकों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जनसुनवाई कक्ष में एडीएम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। जीजीआईसी की छात्राओं ने रामधुन और भजन प्रस्तुत किये।

एडीएम आदित्य प्रजापति ने कहा कि गांधी जी ने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सादगी के माध्यम से देश और समाज को नयी दिशा दी। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का सादगीपूर्ण जीवन, शालीनता और कर्तव्यनिष्ठा सभी के लिए प्रेरणादायी है। हमें अपने आचरण में विनम्रता, धैर्य और अनुशासन अपनाकर समाज में भाईचारा और सद्भाव बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम में एएसडीएम पूर्णेन्दु मिश्र, जिला शासकीय अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह, अधिवक्ता डीके पांडेय, विवेक उपाध्याय सहित अन्य ने विचार रखे। विकास भवन सभागार में सीडीओ डा. राममोहन मीना, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव और जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य सहित अधिकारियों ने गांधी एवं शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। सीडीओ ने स्वच्छता की शपथ दिलायी। नगर पंचायतों और विकासखंडों में भी जयंती पर विविध कार्यक्रम हुए।

दहेज के लिए विवाहिता को पीटा गले में दुपट्टा कसने का आरोप

प्रतापगढ़। पट्टी कोतवाली क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट और जान से मारने की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित पांच ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक ज्योति सविता को सौंपी गयी है।

पीड़िता शबाना निवासी असुढी के अनुसार, उसका विवाह वर्ष २०२२ में सुल्तानपुर के लंभुआ थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी अरवाज से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। पीड़िता ने बताया कि २९ सितंबर को दोपहर करीब दो बजे पति अरवाज, सास केशर और ननद रुकसार, आयशा एवं सारिवा ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि इसी दौरान उसके गले में दुपट्टा डालकर कसते हुए घसीटा गया। इससे उसके गले और शरीर पर चोटें आईं। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद आरोपित उसे पट्टी क्षेत्र में छोड़कर चले गये। किसी तरह मायके पहुंचकर उसने पिता को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने उच्चाधिकारियों और न्यायालय के निर्देश पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

बाग में घुसकर महिला से बदसलूकी, साड़ी खींचने का आरोप

प्रतापगढ़। मानिकपुर थाना क्षेत्र के लालचंद्र का पुरवा गांव में बाग में दवा का छिड़काव कर रही महिला से अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर कोर्ट के आदेश से पुलिस ने दो नामजद सहित १०-१२ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि वह अपने बाग में दवा का छिड़काव कर रही थीं। इसी दौरान सुल्तानपुर निवासी बंटी सोनकर और हुलासराय का पुरवा निवासी लाभन अपने साथियों के साथ वाहनों से बाग में पहुंच गये। आरोप है कि सभी ने आम के पेड़ों के बौर डंडे से नष्ट कर दिये। इससे करीब ५० हजार रुपये का नुकसान हुआ। विरोध करने पर आरोपितों ने महिला को लाठी लेकर मारने के लिए दौड़ा लिया। पीड़िता जान बचाकर घर की ओर भागी। आरोप है कि इसी दौरान बंटी सोनकर ने उसकी साड़ी खींचकर लज्जा भंग करने का प्रयास किया। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपित परिवार को फर्जी मुकदमे में फंसाने और बाग पर कब्जा करने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता के मुताबिक थाने और एसपी कार्यालय में शिकायत के बाद भी काररवाई नहीं हुई। इसके बाद अदालत की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर मानिकपुर पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छेड़छाड़ एवं धमकी का दो पर केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। छेड़छाड़ एवं धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़ित मां का आरोप है कि उसकी अट्ठारह वर्षीय पुत्री के साथ बीती तीस सितम्बर की शाम गांव के मिट्ठू एवं नितिन ने जबरन छेड़छाड़ की और कहीं शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी है। आरोपितों द्वारा पूर्व में भी मेरी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की घटना की गयी।

सफाई कर्मचारियों ने एरियर के नाम पर वसूली का लगाया आरोप

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ की जिला शाखा की बैठक विकास भवन परिसर में जिलाध्यक्ष बीएल पटेल की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला मंत्री अनिल कुमार गौतम ने किया। बैठक में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाये गए। जिलाध्यक्ष बीएल पटेल ने आरोप लगाया कि सफाई कर्मचारियों के एरियर भुगतान के नाम पर तीन से छह हजार रुपये तक की वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ कर्मचारियों से इससे अधिक रकम लिए जाने की भी जानकारी मिली है। आरोप है कि विरोध करने वाले कर्मचारियों को स्थानांतरण और काररवाई का डर दिखाया जाता है। संघ ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और कर्मचारियों को बिना किसी शुल्क के एरियर का भुगतान कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जुलाई में लगने वाला इंक्रीमेंट भी सफाई कर्मचारियों को अब तक नहीं मिला है। कर्मचारियों की अन्य समस्याओं के समाधान में भी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया। संघ ने ब्लाकों में लंबे समय से जमे कर्मचारियों को हटाने की मांग की। बैठक में अनिरुद्ध कुमार पटेल, दशरथ गौतम, नागोराव मधुकर, राम अजोर कोरी, मुन्नीलाल गौतम, नीलेश कुमार गौतम, विनोद कुमार गौतम, गुलाबचंद्र गौतम, राम सजीवन वर्मा, शमशेर बहादुर सहित कर्मचारी रहे।

मंदिर और बंद मकान में चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

दिलीपपुर, प्रतापगढ़। स्थानीय पुलिस ने मंदिर और बंद मकान में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान और २६४० रुपये बरामद हुए।

पुलिस के अनुसार कोठियाही के प्राचीन शिव मंदिर से चांदी का मुकुट एवं सोने का लाकेट चोरी हुआ था। वहीं पिपरी खालसा के बंद मकान से पायल, बर्तन, स्टील की टंकी सहित अन्य सामान चोरी किया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कोठियाही निवासी मोहित कुमार दुबे (२५) को अंधेरी बाग पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने दोनों घटनाओं में शामिल होने की बात बताई। उसकी निशानदेही पर एक सफेद धातु का मुकुट, पीली धातु का लाकेट, दो जोड़ी पायल, स्टील की टंकी, स्टील एवं पीतल की थालियां, पीतल का लोटा-कटोरा बरामद हुआ। काररवाई टीम में एसआई सुजीत कुमार यादव, आनंद राय सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

शहीद लेफ्टिनेंट कमाण्डर योगेश के बलिदान दिवस पर लगा स्वास्थ्य शिविर एवं काव्यपाठ



बलीपुर परसन में शहीद स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में काव्यपाठ करते साहित्यकार।

लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़। स्थानीय विकास खण्ड के चमरूपुर शुकलान के बलीपुर परसन में गुरूवार की देर शाम नौ सेना के शहीद लेफ्टिनेंट कमाण्डर योगेश तिवारी का बलिदान दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। बलिदानी की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, कवि गोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शहीद के बड़े भाई आशुतोष तिवारी, समाजसेवी राणा सुबेदार सिंह चौहान एवं रामचन्द्र पाण्डेय ने कमाण्डर योगेश तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं स्मृति में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों की टीम ने एक सौ पचीस मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इन्हें निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गयी। चिकित्सा विशेषज्ञ डा. अमित सिंह, डा. आर के सिंह, प्रतिमा, कोमल एवं प्रीति यादव ने स्वास्थ्य जागरूकता भी प्रदान की। श्रद्धांजलि सभा में सेवा निवृत्त कर्नल कमल राय, समाज सेवी संजय शुक्ला, पवन शुक्ल, विपिन तिवारी, प्रेमनाथ पाण्डेय, एमएलसी प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह ने शहीद योगेश के योगदान पर प्रकाश डाला। स्मृति में आयोजित कवि सम्मेलन में साहित्यकारों ने काव्यपाठ के जरिये राष्ट्रीयता का आगाज किया। बाराबंकी से आये कवि संदीप अनुरागी का शहीद की स्मृति में काव्य पाठ लोगों को पसन्द आया।

वहीं साहित्यकार अंजनी अमोघ, संजय शुक्ला, दीपेन्द्र तनहा, हरिवंश शुक्ल शौर्य, संतोष पाण्डेय, सुनील प्रभाकर ने भी राष्ट्रीय परिवेश पर रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार राजमूर्ति सिंह सौरभ एवं संचालन कुलदीप कलश ने किया।

वहीं कार्यक्रम के संयोजक शिक्षक एवं साहित्यकार आशुतोष तिवारी ने आयोजन समिति की ओर से प्राथमिक विद्यालय शमशेरगंज की मेधावी साक्षी एवं दीक्षा गौतम तथा मार्डन पब्लिक स्कूल के मेधावी अखिलेश यादव एमएलसी प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, शिक्षक राजेश मिश्र को अंगवस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर अंकित तिवारी, योगेश चौहान, विकास पाण्डेय, रूपेश तिवारी, सुशील तिवारी आदि रहे।

शेख मोहम्मदपुर ने जीता ब्लाक चैम्पियनशिप का खिताब



कालाकांकर इण्टर कालेज में सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं यूपीएस की छात्राएं।

परियावां, प्रतापगढ़। कालाकांकर खेल मैदान में हनुमत इंटर कालेज के समीप बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इसमें विकासखंड कालाकांकर के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। ५० एवं १०० मीटर दौड़ में कंपोजिट विद्यालय शेख मोहम्मदपुर की संध्या ने प्रथम स्थान हासिल किया। २०० एवं ४०० मीटर दौड़ में अर्पिता विजेता रहीं।

बालक वर्ग में बैरागीपुर के आशू ने ५० मीटर, बरवलिया याकूबपुर के रोहित ने १०० एवं ४०० मीटर दौड़ तथा अतौलिया के रौनक ने लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पीटी में बैरागीपुर विजेता और रामपुर गड़ौली उपविजेता रहा। ब्लाक चैंपियनशिप का खिताब कंपोजिट विद्यालय शेखमोहम्मदपुर ने जीता, जबकि रामपुर गड़ौली उपविजेता रहा। उच्च प्राथमिक विद्यालय परियावां के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी अरविंद कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन से किया। खेल प्रतियोगिताएं ब्लाक व्यायाम शिक्षक आदित्य त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षकों की टीम ने संपन्न कराईं। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी ओम नारायण सिंह सहित शिक्षक संघ के पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक मौजूद रहे।